भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2161
गुरूवार, 18 दिसम्बर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक)

रोज़गार दर

2161. **श्री दिग्विजय सिंह:**
श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 से औपचारिक क्षेत्र में पुरुष और महिला स्नातक और स्नातकोत्तर की वर्ष-वार बेरोज़गारी दर क्या है;
(ख) सरकार द्वारा लोगों को नियोजित या बेरोज़गार के तौर पर वर्गीकृत करने के लिए कौन से मापदंड या मानदंड अपनाए गए हैं और क्या 2020 के पश्चात इनमें संशोधन किया गया है;
(ग) वर्तमान में राज्य-वार कितने राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससी) कार्यरत हैं;
(घ) एनसीएससी के माध्यम से वर्ष-वार और श्रेणी-वार कितने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन/अनुशिक्षण/प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; और
(ङ) उनके नियोजन की वर्ष-वार और राज्य-वार दर क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): रोजगार और बेरोजगारी का अधिकारिक डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (औपचारिक क्षेत्र सहित) के लिए सामान्य स्थिति पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 2020-21 में 4.2% से घटकर 2023-24 में 3.2% हो गई थी। इसके अलावा, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 2020-21 में 15.5% से घटकर 2023-24 में स्नातकों के लिए 13% और इसी अवधि के दौरान स्नातकोत्तर के लिए 12.5% से 12.4% हो गई है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्टों में लिंग-वार विस्तृत सूचना उपलब्ध है, जिसे https://www.mospi.gov.in/publications-reports पर देखा जा सकता है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, रोजगार और बेरोज़गारी सर्वेक्षण के लिए, कामगार (या नौकरीशुदा) वे लोग हैं जो किसी भी आर्थिक गतिविधि में लगे हुए थे, जिससे ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन होता है जो राष्ट्रीय उत्पाद में वैल्यू जोड़ते हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय देश भर में 25 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केन्द्रों (एनसीएससी-एससी/एसटी) के नेटवर्क के माध्यम से "वेलफेयर ऑफ एससी/एसटी योजना" को भी कार्यान्वित कर रहा है। एनसीएससी के माध्यम से राज्यवार, वर्ष-वार और श्रेणी-वार मार्गदर्शन/कोचिंग/प्रशिक्षण अनुबंध-I में उपलब्ध है।

इसके अलावा, उपलब्ध नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जो 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति में रोजगार को दर्शाता है, अनुसूचित जाति के लिए 2020-21 में 40.2% से बढ़कर 2023-24 में 43.6% हो गया है और अनुसूचित जनजाति के लिए इसी अवधि के दौरान 47.9% से बढ़कर 52% हो गया है।

*****

अनुबंध-I

राज्य सभा के दिनांक 18.12.2025 के अतारांकित प्रश्न 2161 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राज्यवार राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससी) वर्तमान में कार्यरत हैं और एनसीएससी के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व्यावसायिक मार्गदर्शन और करियर परामर्श (टाइपिंग और शॉर्टहैंड सेवाओं सहित) द्वारा प्रशिक्षित/उन्मुख अभ्यार्थी शामिल हैं।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थान	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		अजा	अजजा	अजा	अजजा	अजा	अजजा	अजा	अजजा	अजा	अजजा
मिजोरम	आइज़वाल	0	3180	0	2505	36	6901	0	5514	0	3356
कर्नाटक	बैंगलोर	5317	756	4354	689	7131	1003	8492	1245	8786	1301
ओडिशा	भुवनेश्वर	1248	776	2491	1994	5268	5095	5386	5098	6445	6138
चेन्नई	चेन्नई	2347	1	6389	9	11122	0	12663	0	12681	0
नई दिल्ली	दिल्ली	5680	287	7874	372	16456	112	18549	29	13651	2
असम	गुवाहाटी	1490	3084	1296	2393	3134	4940	4873	5364	5477	5303
हरियाणा	हिसार	6906	0	8691	0	12507	0	13424	0	9743	0
तेलंगाना	हैदराबाद	2645	2282	3020	2684	6532	5916	5986	5575	7575	6152
मणिपुर	इंफाल	304	1297	1099	2706	2225	7382	2925	1734	3943	3331
मध्य प्रदेश	जबलपुर	4679	4047	4367	3284	7617	4529	9438	5661	6987	4884
राजस्थान	जयपुर	4525	2389	4630	1586	9134	2657	13922	4900	15334	7852
पंजाब	जालंधर	620	0	2671	0	4949	0	5822	0	15168	0
जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू	1849	430	2356	795	4394	1401	3170	2307	2205	2300
मेघालय	जोवाई	4	952	0	4898	0	8485	0	9062	0	6135
उत्तर प्रदेश	कानपुर	11372	0	13031	0	30525	1	22629	0	20968	0
नागालैंड	कोहिमा	70	2923	0	4824	0	6900	0	9487	0	9867
पश्चिम बंगाल	कोलकाता	1771	574	3619	2115	7279	3322	3252	1035	11818	892
हिमाचल प्रदेश	मंडी	4668	326	4036	123	5842	134	5061	53	5415	12
महाराष्ट्र	नागपुर	11184	2369	10876	2653	8169	3177	7126	3744	8361	4364
अरुणाचल प्रदेश	नाहरलगुन	203	1492	435	2564	982	4576	1202	4030	262	3484
पुदुचेरी	पुदुचेरी	3413	0	5864	0	11049	0	14358	0	10698	0
झारखंड	रांची	2787	9918	2337	13549	1617	7490	1828	7318	2700	10824
गुजरात	सूरत	2470	3373	2989	3327	4795	5513	7881	5890	7199	5640
केरल	तिरुवनंतपुरम	7295	476	8847	1139	8914	930	8757	431	12254	683
आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	494	157	1363	676	2222	906	2171	1462	2348	1617
	योग	**83341**	**41089**	**102635**	**54885**	**171899**	**81370**	**178915**	**79939**	**190018**	**84137**

डीजीई, एमओएलई